# होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबन्धन, मुख्यालय, मध्यप्रदेश

## परिपत्र–31

क्रमॉक 1616 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनांक 01-11-2018

स्टेट कमाण्ड सेन्टर, राज्य की आपदाओं/विपदा के दौरान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली (GIS Based State Disaster Command Response & Monitoring System) का प्रदेश स्तरीय मुख्य केन्द्र है। स्टेट कमाण्ड सेन्टर तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा प्रदान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली की कार्यवाही, पर्यवेक्षण, समन्वयन एवं क्रियान्वयन सही ढंग से सम्पादित करने हेतु, एक सुव्यवस्थित प्रणाली एवं मानक व्यवस्था निम्नानुसार स्थापित की जाती हैः–

(अ) स्टेट कमाण्ड सेण्टर में, एक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेण्ट रेंक के अधिकारी स्टेट कमाण्ड सेण्टर के प्रभारी रहेगें, तथा इनकी सहायतार्थ एक कम्पनी कमाण्डर रैंक के अधिकारी उप प्रभारी होगें।

(ब) स्टेट कमाण्ड सेन्टर में भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा प्रदान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली की कार्यवाही, समन्वयन एवं क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन 24 घन्टे में 08–08 घन्टे की तीन शिफ्ट हमेशा संचालित रहेंगी। इन तीनों शिफ्ट के प्रभारी के रूप में एक–एक प्लाटून कमाण्डर होगें। इस प्रकार स्टेट कमाण्ड सेण्टर में कुल तीन प्लाटून कमाण्डर रैंक के अधिकारी शिफ्ट प्रभारी के रुप में तैनात रहेगें ।

(स) स्टेट कमाण्ड सेन्टर की प्रत्येक 08 घन्टे की शिप्ट में कार्यवाही एवं क्रियान्वयन के लिए 08 होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिक होंगे। इस प्रकार स्टेट कमाण्ड सेण्टर में तीनों शिफ्ट के लिए कुल 24 होमगार्ड सैनिक तैनात रहेगें।

(द) स्टेट कमाण्ड सेन्टर की तीनों शिफ्ट आपस में नियमित रूप से प्रतिमाह बारी–बारी से शिफ्ट बदली करेंगे ।

(इ) स्टेट कमाण्ड सेन्टर में भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा प्रदान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली की कार्यवाही के लिए एक एस0डी0ई0आर0एफ0 का तकनीकी सहायक भी तैनात रहेगा।

(फ) स्टेट कमाण्ड सेन्ट के व्दारा सम्भागीय कार्यालयों एवं जिला कार्यालयों के ई0ओ0सी से सूचना आदान प्रदान तथा समन्वय स्थापित करने के संबंध में संलग्न प्रारूप प्रपत्र अनुसार जानकारी संधारित करेगें ।

2– स्टेट कमाण्ड सेण्टर, भोपाल, प्रदेश के समस्त सम्भागीय होमगार्ड कार्यालयों तथा समस्त जिला होमगार्ड कार्यालयों के मध्य आपदा प्रबन्धन एवं अन्य कार्यवाहियों बाबत सूचनाओं का आदान–प्रदान, कार्यवाहियों का संचालन के समन्वय के तारतम्य में निम्नानुसार व्यवस्था स्थापित की जाती है।

(अ) प्रदेश के समस्त सम्भागीय होमगार्ड कार्यालयों के मुख्यालय पर प्रतिदिन, 24 घन्टे में, 8–8 घन्टे की तीन शिफ्ट में, प्रति शिफ्ट एक होमगार्ड जवान की टेलीफोन डियूटी लगाई जावे, जो कि सम्भाग के अधिनस्थ जिलों एवं स्टेट कमाण्ड सेन्टर भोपाल के मध्य समन्वय स्थापित करने का कार्य करेगें ।

(ब) इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिला होमगार्ड कार्यालय में स्थापित ई0ओ0सी0 में प्रतिदिन, 24 घन्टे में, 8–8 घन्टे की तीन शिफ्ट में प्रति शिफ्ट एक जवान की टेलीफोन डियूटी लगाई जावे, जो स्टेट कमाण्ड सेन्टर भोपाल, संभागीय कार्यालय तथा स्थानीय जिला प्रशासन के मध्य आपदा प्रबन्धन एवं अन्य आवश्यक कार्यवाहियों के तारतम्य में समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगें।

(स) प्रदेश के समस्त जिला होमगार्ड कार्यालय में स्थापित ई0ओ0सी0 में प्रतिदिन, 24 घन्टे में, 8–8 घन्टे की तीन शिफ्ट में एक–एक क्यूआरटी (Quick Responce Team) मय आपदा प्रबन्धन उपकरणों के हमेशा तैनात रहेगी। प्रत्येक क्यूआरटी टीम में 08 होमगार्ड सैनिक होगें, जो आग, बाढ़, भूकम्प, सर्पदंश, सर्च एवं रेस्क्यू (CSSR) इत्यादि आपदा प्रबन्धन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त एवं कुशल होगें। तथा आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक हों।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार ।

(महान भारत सागर) 31·X·18
महानिदेशक,
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश

पृ0 क्रमॉक 1617 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनांक 01-11-2018

प्रतिलिपिः–

1– अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल, होमगार्ड, म0प्र0 जबलपुर।
2– अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल, एसडीईआरएफ मध्यप्रदेश भोपाल।
3– उप महानिरीक्षक, एसडीईआरएफ मध्यप्रदेश भोपाल।
4– एडीशनल कमाण्डेंट जनरल, होमगार्ड, म0प्र0 जबलपुर।
5– समस्त संभागीय सेनानी, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ म0प्र0।
6– समस्त जिला सेनानी, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ म0प्र0।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

महानिदेशक, 31·X·18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश

## स्टेट कमाण्ड सेन्टर व्दारा सम्भागीय कार्यालय एवं जिला कार्यालय में स्थापित ई0ओ0सी/क्यू0आर0टी0 के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु जानकारी

| क्र0 | सम्भाग / जिला नाम | ई0ओ0सी0 प्रभारी/ अधिकारी /कर्मचारी/सैनिक का नाम | मोबाइल नम्बर | क्यू0आर0टी0 प्रभारी/ अधिकारी /कर्मचारी/सैनिक का नाम | मोबाइल नम्बर | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **संभागीय कार्यालय** ———— | प्रभारी | | | | |
| | | प्रथम शिफ्ट | | | | |
| | | द्वितीय शिफ्ट | | | | |
| | | तृतीय शिफ्ट | | | | |
| | जिला कार्यालय ——— | प्रभारी | | प्रभारी | | |
| | | प्रथम शिफ्ट | | प्रथम शिफ्ट | | |
| | | द्वितीय शिफ्ट | | द्वितीय शिफ्ट | | |
| | | तृतीय शिफ्ट | | तृतीय शिफ्ट | | |

नोटः— उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं सैनिकों में से अगर किसी भी अधिकारी/कर्मचारी एवं सैनिकों को अगर हटाया या किसी अन्य डियुटी हेतु बदला जाता है तो संबंधित सम्भागीय सेनानी /जिला सेनानी का दायित्व होगा कि वे उसकी जानकारी स्टेट कमाण्ड सेन्टर एवं अपने डी0एस0आर0 में परिवर्तित करलें।